[राज्य सभा में पुर:स्थापित रूप में]

2020 का अधिनियम संख्यांक 32

# राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग विधेयक, 2020

खंडों का क्रम


खंड

अध्याय 1

**प्रारंभिक**

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ ।

अध्याय 2

**राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग**

3. राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग का गठन और संरचना ।
4. सदस्यों की पदावधि और सेवा की शर्तें ।
5. त्यागपत्र और सदस्यों का हटाया जाना ।
6. सदस्यता का नहीं रहना और आकस्मिक रिक्ति का भरा जाना ।
7. आयोग की बैठकें ।
8. रिक्तियों इत्यादि से आयोग की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना ।
9. आयोग के अधिकारी और अन्य कर्मचारी ।
10. वृत्तिक परिषद् ।
11. आयोग के कृत्य ।
12. राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख सलाहकारी परिषद् ।
13. केन्द्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक रजिस्टर ।
14. केंद्रीय रजिस्टर में नामांकन के लिए विशेषाधिकार ।
15. ऐसे व्यक्तियों के अधिकार, जो केंद्रीय रजिस्टर में नामांकित हैं ।
16. केंद्रीय रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण ।
17. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का जारी किया जाना ।
18. अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण ।
19. केंद्रीय रजिस्टर से नाम का हटाया जाना ।
20. अंतरिम आयोग ।
21. खोज-सह-चयन समिति ।

अध्याय 3

**राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख परिषद्**

22. राज्य परिषद् का गठन और उसकी संरचना ।
23. सदस्यों की सेवा के निबंधन और शर्तें ।
24. सदस्यों का त्यागपत्र और उनको हटाया जाना ।
25. सदस्यता का नहीं रहना और सदस्यों की आकस्मिक रिक्ति का भरा जाना ।

खंड

26. राज्य परिषद् की बैठक ।
27. रिक्तियों, आदि से राज्य परिषद् की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना ।
28. राज्य परिषद् के अधिकारी और अन्य कर्मचारी ।
29. स्वशासी बोर्डों का गठन और उनके कृत्य ।
30. राज्य परिषद् के कृत्य ।
31. सलाहकार बोर्ड का गठन ।
32. राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक रजिस्टर ।
33. राज्य रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण ।
34. अनुलिपि प्रमाणपत्र का जारी किया जाना ।
35. राज्य रजिस्टर में सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्तिकों के नाम का नवीकरण ।
36. राज्य रजिस्टर से कियी व्यक्ति नाम का हटाया जाना ।
37. राज्य रजिस्टर में किसी व्यक्ति के नाम की पुन: बहाली ।
38. अधिनियम के प्रारंभ से पूर्व सेवाएं देने वाले व्यक्तियों की मान्यता ।

अध्याय 4

## मान्यता और व्यतिकारिता

39. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं की मान्यता और व्यतिकारिता ।

अध्याय 5

## नई सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्था की स्थापना

40. नई सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं, नए अध्ययन पाठ्क्रमों, आदि की स्थापना के लिए अनुज्ञा ।
41. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं से जानकारी की अपेक्षा करने की शक्ति ।
42. राज्य परिषद् द्वारा सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख अर्हताओं की मान्यता ।
43. मान्यता का वापस लिया जाना ।
44. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं द्वारा न्यूनतम आवश्यक मानक बनाए रखने में असफलता ।

अध्याय 6

## वित्त, लेखा और संपरीक्षा

45. केंद्रीय सरकार द्वारा अनुदान ।
46. राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख निधि ।
47. आयोग के लेखे और संपरीक्षा ।
48. आयोग की वार्षिक रिपोर्ट ।
49. विवरणी और सूचना ।
50. राज्य सरकार द्वारा अनुदान ।
51. राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख निधि ।
52. राज्य परिषद् के लेखे और संपरीक्षा ।
53. राज्य परिषद् की वार्षिक रिपोर्ट ।
54. आदेशों आदि का अधिप्रमाणन ।
55. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक द्वारा व्यवसाय ।

खंड

## अध्याय 7

## अपराध और शास्तियां

56. केंद्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर में दर्ज कराने हेतु मिथ्या दावा करने के लिए शास्ति ।

57. अभिधानों का दुरुपयोग ।

58. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पित करने में असफलता ।

59. इस अधिनियम के उल्लंघन के लिए शास्ति ।

60. अपराधों का संज्ञान ।

## अध्याय 8

## प्रकीर्ण

61. अधिकारिता का वर्जन ।

62. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण ।

63. केंद्रीय सरकार द्वारा निदेश ।

64. अधिनियम का अध्यारोही प्रभाव होना ।

65. केंद्रीय सरकार की नियम बनाने की शक्ति ।

66. विनियम बनाने की शक्ति ।

67. नियमों और विनियमों का रखा जाना ।

68. राज्य सरकार की नियम बनाने की शक्ति ।

69. कठिनाइयां दूर करने की शक्ति ।

70. अनुसूची को संशोधित करने की शक्ति ।

अनुसूची

## उद्देश्यों और कारणों का कथन

सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति के अंतर्गत उग्र और जीर्ण रोगों के निदान, मूल्यांकन और उपचार के लिए स्वास्थ्य वृत्तिकों का विस्तृत क्षेत्र आता है । सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति रोगी के निष्कर्ष को इष्टतम करने और रोगों के समग्र रोकथाम, संवर्धन, वेलनेस और प्रबंधन भी करते हैं ।

2. भारतीय परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य कार्यबल को मुख्यतः बहुत कम काडरों में जैसे डाक्टर, नर्स, तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं पर फोकस के साथ परिनिश्चित किया गया है । पचास से अधिक सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्तियों से संबंधित अन्य कई वृत्तिकों का स्वास्थ्य तंत्र में कम उपयोग होना और अविनियमित रहना जारी है । इसके अंतर्गत विस्तृत रूप से वृत्तिक प्रवर्ग जैसे फिजियोथैरेपी, उपजीविकाजन्य चिकित्सा, नेत्र विज्ञान, पोषण विज्ञान, आयुर्विज्ञान प्रयोगशाला और जीवन विज्ञान, विकिरण चिकित्सा विज्ञान, इमेजिंग, चिकित्सीय प्रौद्योगिकी, आयुर्विज्ञान प्रौद्योगिकविद् तथा फिजिशियन एसोशिएट, ट्रामा और बर्न केयर और शल्य चिकित्सा/निश्चेतना संबंधी प्रौद्योगिकी, सामुदायिक देखरेख और व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य विज्ञान तथा स्वास्थ्य जानकारी प्रबंधन और स्वास्थ्य सूचना विज्ञान आते हैं । ऐसी वृत्तियों के लिए कई दशकों से एक विनियामक रूपरेखा की लगातार मांग की जाती रही है ।

3. 'परा-चिकित्सा वृत्तिकों' के साथ-साथ अन्य प्रौद्योगिकविदों और चिकित्सकों को अंततः उनकी सम्यक् पहचान प्रदान की गई है और उन्हें अब 'सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्तिक' के रूप में पारिभाषिक शब्द दिया गया है । ऐसी वृत्तियों की पहचान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अंतरराष्ट्रीय मानक व्यवसायिक वर्गीकरण (आईएससीओ-08) पर आधारित विस्तृत मैपिंग की गई है ।

4. संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य नियोजन और आर्थिक विकास पर आयोग नम्य स्वास्थ्य तंत्र के निर्माण पर फोकस के साथ स्वास्थ्य कर्मकारों को सुदृढ़ करने पर बल देता है तथा प्रभावी स्वास्थ्य नियोजन को सुनिश्चित करने पर जोर देता है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगभग चार करोड़ नई नौकरियां सृजित करने की परियोजना है, जिनमें से अधिकतर मध्यम और उच्च आय वाले देश हैं । नौकरियों में संभावित वृद्धि के बावजूद निम्न और निम्नतर मध्यम आय के देशों में धारणीय विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक करोड़ अस्सी लाख स्वास्थ्य कर्मकारों की परियोजित कमी होगी ।

5. स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्नति, उपभोक्ताओं और प्रदाताओं की बदलती हुई वरीयताओं के साथ इस बात की आवश्यकता है कि रोगी केंद्रित एप्रोच के साथ स्वास्थ्य देख-रेख परिदान के लिए एक नया दृष्टिकोण तैयार किया जाए और बहुविषय टीम आधारित देख-रेख की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाए । इससे यह आवश्यकता अनिवार्य हो गई है कि स्वास्थ्य कार्मिकों का उपयोग करने के लिए कार्य परिवर्तन मॉडलों की जांच करके कार्य दल को सुदृढ़ करके और उसमें सुधार करके तथा अर्हित और सक्षम स्वास्थ्य देख-रेख व्यवसायियों के माध्यम से नए तरीकों को कार्यान्वित किया जाए ।

6. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख व्यवसाय विधेयक, 2018, 31 दिसंबर, 2018 को राज्य सभा में पुर:स्थापित किया गया था और इसकी परीक्षा और रिपोर्ट के लिए इसे स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय के विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति को निर्दिष्ट किया गया था । समिति ने विस्तृत परीक्षा के पश्चात् उक्त विधेयक में कतिपय संशोधनों की सिफारिश की है । इसलिए लंबित विधेयक को वापस लेने का और एक नए विधेयक को अर्थात् राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग विधेयक, 2020 को समितियों द्वारा की गई सिफारिशें सम्मिलित करते हुए पुर:स्थापित करने का विनिश्चय किया गया है ।

7. विधेयक में अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित के लिए उपबंध है,—

(क) राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग का गठन और शिक्षा तथा सेवाओं के मानक बनाए रखना, संस्थाओं का निर्धारण, ऐसे वृत्तिकों का केंद्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर रखा जाना ;

(ख) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख से संबंधित शिक्षा और वृत्तिक सेवाओं के शासन के लिए तथा उनके वृत्तिक आचरण को विनियमित करने हेतु नीतियां और मानक विरचित करने के लिए प्रत्येक मान्यताप्राप्त वृत्तिक प्रवर्ग के लिए वृत्तिक परिषदों का गठन ;

(ग) सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्तिकों से संबंधित मुद्दों पर आयोग को सलाह देने के लिए राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख सलाहकार परिषद् का गठन ;

(घ) शिक्षा के समन्वित और एकीकृत विकास को सुनिश्चित करने और सेवाओं के परिदान के मानकों को बनाए रखने के लिए राज्य परिषदों का गठन ;

(ङ) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों के मानकों को विनियमित करने लिए पूर्व स्नातक, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख शिक्षा बोर्ड, पश्च स्नातक, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख शिक्षा बोर्ड, सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति निर्धारण और श्रेणीकरण बोर्ड तथा सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति नैतिक और रजिस्ट्रीकरण बोर्ड का गठन ;

(च) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों का अद्यतन आनलाइन तथा वास्तविक केंद्रीय रजिस्टर और राज्य रजिस्टर बनाना और उसका अनुरक्षण करना ;

(छ) शिक्षा, पाठ्यक्रमों, पाठ्यचर्या, सुविधाओं, निर्धारण, परीक्षा, प्रशिक्षण अधिकतम फीस, आदि के आधारभूत मानकों का विकास सुनिश्चित करना ;

(ज) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं में प्रवेश के लिए सामान्य परामर्श के साथ एकरूप प्रवेश परीक्षा ;

(झ) शिक्षाविदों के लिए वृत्तिक व्यवसाय और राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए एकरूप निकास या अनुज्ञप्ति परीक्षा ;

(ञ) कुशल जन शक्ति का व्यवस्थित अभियोजन, कार्य प्रदर्शन प्रबंध प्रणाली, कार्य परिवर्तन और सहयुक्त कैरियर विकास के मार्ग के लिए रणनीतिक रूपरेखा ;

(ट) मशीनरी सामग्री और सेवाओं के लिए आधारभूत मानक रूपरेखा ;

(ठ) राज्य परिषदों द्वारा अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उपाय ;

# खंडों पर टिप्पण

**खंड 1**–यह खंड प्रस्तावित विधान के संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 2**–यह खंड प्रस्तावित विधान में प्रयुक्त कतिपय पदों की परिभाषाओं के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 3**–यह खंड "'राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृति आयोग" नामक के गठन और संरचना के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 4**–यह खंड सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख परिषद् के सदस्यों अध्यक्षता, उपाध्यक्ष और अंशकालिक सदस्यों की सेवा के निबंधन और शर्तों के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 5**–यह खंड आयोग के सदस्यों के त्यागपत्र और हटाए जाने के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 6**–यह खंड आयोग के सदस्यों जिनमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी है की सदस्यता नहीं रहने और उनकी आकस्मिक रिक्तियों को भरे जाने के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 7**–यह खंड आयोग की बैठक के लिए उपबंध करता है । खंड यह और उपबंध करता है कि अध्यक्ष या उपाध्यक्ष सहित सदस्यों की कुल संख्या का आधा कोरम का गठन करेगा और किसी प्रश्न पर आयोग का विनिश्चिय उपस्थित सदस्यों के मतों के बहुमत पर तथा अध्यक्ष जिसका मतों के बराबर होने की दशा में निर्णायक मत होता है, पर आधारित होगा ।

**खंड 8**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग की कोई कार्य या कार्यवाही, आयोग में किसी रिक्ति या उसके गठन में किसी त्रुटी या आयोग के किसी रिक्ति या आयोग के गठन में किसी त्रुटि ; आयोग के किसी सदस्य के रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति की नियुक्ति में किसी त्रुटि ; या आयोग की प्रक्रिया में कोई ऐसी अनियमितता है जिससे मामले के गुणागुण पर प्रभाव नहीं पड़ता है, के कारण ही अविधिमान्य होगी ।

**खंड 9**–यह खंड उपबंध करता है कि केन्द्रीय सरकार आयोग के लिए एक सचिवालय का उपबंध करेगी जो सचिव और अन्य अधिकारियों से मिलकर बनेगा । खंड केन्द्रीय सरकार को आयोग के सचिव और अन्य अधिकारियों के वेतन, भते तथा सेवा की अन्य शर्तो के बारे में नियम बनाने के लिए भी सशक्त करता है । खंड यह और उपबंध करता है कि सचिवालय, वृतिक परिषद और सलाहकारी परिषद को सचिवालयी सहायता भी प्रदान करेगा ।

**खंड 10**–यह खंड प्रत्येक मान्यता प्राप्त प्रर्वग के लिए ऐसी वृतिक परिषद के गठन के लिए उपबंध करता है जिसमें अध्यक्ष और चौबीस से अन्यून तथा इससे अनधिक सदस्य होंगे, और जो अपने-अपने प्रवर्ग के रजिस्ट्रीकृत वृतिक हैं और अध्यक्ष, जहां वृतिक परिषद के अधीन एक से अधिक वृतिक हैं, वहां वृतिकों में से दिवार्षिक रुप से चक्रानुक्रम करेगा ।

**खंड 11**–यह खंड आयोग के कृत्यों के लिए उपबंध करता है कि परिषद् विनिर्दिष्ट मुद्दों की परीक्षा करने के लिए जो आवश्यक हो, वृतिक सलाहकारी निकायों

का गठन करेगी और उस परिषद् पर कोई सिफारिश करेगी या सलाह देगी और ऐसे अन्य क्रियाकलापों को भी करेगी जो परिषद् द्वारा उनके मान्यताप्राप्त वृत्तिकों के लिए प्राधिकृत किए जाएं । यह सलाहकारी निकाय के लिए मान्यताप्राप्त वृत्तिक के लिए परिषद् का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों में से अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित करके परिषद् के सदस्य के लिए बनाई गई है और सलाहकारी निकाय के लिए भी उपबंध करता है और यदि किसी विशिष्ट मान्यताप्राप्त प्रवर्ग में से कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, वहां परिषद् का अध्यक्ष परिषद् के अन्य सदस्य को नामनिर्देशित कर सकेगा ।

**खंड 12**–यह खंड सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों से संबंधित मुद्दों पर आयोग को सलाह देने के लिए राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख सलाहकार परिषद नामक ऐसी सलाहकार परिषद के गठन के लिए उपबंध करता है जिसकी अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी और जिसमें प्रत्येक राज्य तथा संघ राज्यक्षेत्र से चिकित्सीय शिक्षा से संबंधित पदेन सदस्यों, प्रधान सचिवों या नामनिर्देशितियों तथा सदस्यों के रुप में हर एक राज्य परिषद के अध्यक्ष के रुप में आयोग के सभी सदस्यों का प्रतिनिधित्व हो।

**खंड 13**–यह खंड आयोग द्वारा बनाए रखे जाने वाले केन्द्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक रजिस्टर के लिए उपबंध करता है जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के प्रयोजन के लिए एक सार्वजनिक दस्तावेज होगा ।

**खंड 14**–यह खंड उपबंध करता है कि ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम उसकी आर्हता के आधार पर केन्द्रीय रजिस्टर में है कि व्यवसाय की परिभाषित परिधि के भीतर सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए और ऐसी सेवा के संबंध में खर्चे प्रभार या फीस प्रदान करने के लिए हकदार होगा

**खंड 15**–खंड यह उपबंध करता है कि केवल रजिस्ट्रीकृत सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक ही किसी भी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख के रूप में किसी राज्य में किसी मान्यताप्राप्त प्रवर्ग में सेवा प्रदान करने के लिए पद धारण करेगा और सम्यकतः अर्हता प्राप्त तथा स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक द्वारा हस्ताक्षरित या अधिप्रमाणित किए जाने के लिए अपेक्षित किसी प्रमाणपत्र को हस्ताक्षरित या अधिप्रमाणित करने का हकदार होगा ।

**खंड 16**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य के रजिस्टर में किसी व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण के मामले में या किसी व्यक्ति द्वारा किसी आवेदन के आधार पर आयोग, केन्द्रीय रजिस्टर में उसके नाम को प्रविष्ट कर सकेगा ।

**खंड 17**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग ऐसे व्यक्तियों को, जिनका नाम केन्द्रीय रजिस्टर में प्रविष्ट किया गया है । प्रमाणपत्र के गुम हो जाने के मामले में आयोग प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी करेगा ।

**खंड 18**–यह खंड उपबंध करता है कि यदि ऐसा कोई व्यक्ति अतिरिक्त मान्यताप्राप्त अर्हता अभिप्राप्त करता है और जिसका नाम केन्द्रीय रजिस्टर में नामांकित है, अतिरिक्त अर्हताएं उसके नाम के सामने केन्द्रीय और राज्य रजिस्टर दोनों में अभिलिखित की जा सकेंगी । खंड यह और उपबंध करता है कि केंद्रीय रजिस्टर में परिवर्तित प्रविष्टियां भी राज्य रजिस्टर में प्रदर्शित की जाएंगी ।

**खंड 19**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग इस विधेयक के अधीन प्रदत्त किसी शक्ति के अनुसरण में किसी व्यक्ति के नाम को केन्द्रीय रजिस्टर से हटाएगा ।

**खंड 20**–यह खंड तीन वर्ष की अवधि के लिए या जब तक नियमित आयोग

गठित नहीं कर दिया जाता है, अंतरिम आयोग की स्थापना के लिए उपबंध करता है । खंड यह भी उपबंध करता है कि अंतरिम आयोग, आयोग को समनुदेशित कृत्यों का निर्वहन करेगा और केंद्रीय सरकार अंतरिम आयोग के सचिव की नियुक्ति करेगी ।

**खंड 21**–यह खंड आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव की नियुक्ति के लिए खोज-सह-चयन समिति के गठन के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 22**–यह खंड प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा राज्य सहबद्ध स्वस्थ्य देख-रेख परिषद् नाम से ज्ञात एक राज्य परिषद् के गठन और संरचना का उपबंध करता है ।

**खंड 23**–यह खंड राज्य परिषद् के सदस्यों की सेवा के निबंधन और शर्तों का उपबंध करता है । यह खंड राज्य परिषद् के सदस्यों की ऐसे यात्रा भता और अन्य भत्तों के लिए, जो राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं, पात्रता का भी उपबंध करता है ।

**खंड 24**–यह खंड राज्य परिषद् के अध्यक्ष और सदस्यों के त्यागपत्र और उनको हटाए जाने का उपबंध करता है ।

**खंड 25**–यह खंड राज्य परिषद् के सदस्यों की सदस्यता नहीं रहने और उनकी आकस्मिक रिक्ति को भरे जाने का उपबंध करता है ।

**खंड 26**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् ऐसे समय और स्थानों पर बैठक करेगी और अपनी बैठकों में (जिसके अंतर्गत ऐसी बैठकों का कोरम भी है) कारबार के संव्यवहार के संबंध में प्रक्रियाओं के ऐसे नियमों का पालन करेगी जो राज्य सरकार द्वारा विहित किए जाएं । यह खंड अध्यक्ष के लिए अनुकल्पी प्रतिनिधित्व के लिए और उपबंध करता है यदि वह उपस्थित होने में असमर्थ है और कोई ऐसा प्रश्न, जो उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा होगा और जिस पर मतों के बराबर होने की दशा में, अध्यक्ष का निर्णायक मत हो, पर आधारित होगा ।

**खंड 27**–खंड यह उपबंध करता है कि राज्य परिषद् का कोई भी कार्य या कार्यवाही केवल उस कारण से अविधिमान्य नहीं होगी कि राज्य परिषद् में कोई रिक्ति है या उसके गठन में कोई त्रुटि है या राज्य परिषद् के सदस्य रूप में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति की नियुक्ति में कोई त्रुटि है या राज्य परिषद् की प्रक्रिया में कोई ऐसी अनियमितता है जिससे मामले के गुणागुण पर प्रभाव नहीं पड़ता है ।

**खंड 28**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् प्रस्तावित विधान के अधीन अपने कृत्यों के दक्ष पालन के लिए सचिव और ऐसे अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकेगी ।

विनिर्दिष्ट मुद्दों की परीक्षा करने और राज्य परिषद् को उनके बारे में सिफारिश करने या सलाह देने और ऐसे अन्य क्रियाकलाप भी, जो प्रमुख वृतियों के लिए राज्य परिषद् द्वारा प्राधिकृत किए जाएं, आवश्यकतानुसार बहुत से वृतिक सलाहकारी निकाय का गठन करेगी।यह खंड मान्यताप्राप्त वृतिकों के लिए राज्य परिषद् में अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित सदस्यों में से अध्यक्ष द्वारा नामनिर्देशित किए जाने वाले सदस्य द्वारा सलाहकारी निकाय के लिए भी उपबंध करती है और वृतिक सलाहकारी निकाय की अध्यक्षता करने के लिए किसी विशिष्ट मान्यताप्राप्त प्रवर्ग से कोई प्रतिनिधित्व नहीं होने पर राज्य परिषद् का अध्यक्ष राज्य परिषद् के किसी अन्य सदस्य को नामनिर्दिष्ट कर सकेगी ।

**खंड 29**–यह खंड (क) पूर्व स्नातक सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख शिक्षा बोर्ड, (ख) स्नातकोत्तर सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख शिक्षा बोर्ड, (ग) सहबद्ध और

स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक मूल्यांकन तथा रेटिंग बोर्ड और (घ) सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों को विनियमित करने के लिए सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक नैतिक एवं रजिस्ट्रीकरण बोर्ड के गठन और उनके कृत्यों के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 30**–यह खंड राज्य परिषद् के कृत्यों के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 31**–खंड यह उपबंध करता है कि राज्य परिषद् की विनिर्दिष्ट मुद्दों की समीक्षा करने के लिए तथा राज्य परिषद् को सिफारिश करने के लिए उतने वृत्तिक सलाहकार बोर्डों का गठन करेगी जितनी आवश्यक हों और ऐसे किसी अन्य क्रियाकलाप को करेगी जो उनकी अपनी-अपनी वृत्तियों के लिए राज्य परिषद् द्वारा प्राधिकृत की जाए ।

**खंड 32**–यह खंड ऑनलाइन तथा लाइव राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों के रजिस्टर के लिए उपबंध करता है जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन एक सार्वजनिक दस्तावेज होगा ।

**खंड 33**–खंड यह उपबंध करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा किए गए आवेदन के आधार पर और राज्य सरकार द्वारा यथा विहित फीस के संदाय पर, उस व्यक्ति का नाम राज्य रजिस्टर में प्रविष्ट किया जा सकेगा ।

**खंड 34**–खंड यह उपबंध करता है कि जब राज्य परिषद् का सचिव यह अधिप्रमाणित करता है कि रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र या नवीकरण का प्रमाणपत्र गुम हो गया है या विनष्ट हो गया है, तब राज्य परिषद् अपेक्षित फीस के संदाय पर और ऐसे प्ररूप में, जो राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाए, प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी कर सकेगी ।

**खंड 35**–यह खंड राज्य परिषद् को प्रत्येक पांच वर्ष में ऐसी फीस के संदाय पर, ऐसी रीति में और ऐसी शर्तों के अनुसार, जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाएं, वृत्तिक के रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 36**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् किसी गलती से हुई प्रविष्टि की दशा में या मिथ्या व्यपदेशन की दशा में या तात्विक तथ्य के छिपाने की दशा में या यदि व्यक्ति किसी अपराध के लिए सिद्धदोष किया गया है या किसी कुत्सित आचरण का दोषी है या वृत्तिक आचरण या शिष्टाचार के मानकों का उल्लंघन किया है और उसकी राय में राज्य रजिस्टर में रखे जाने के लिए अयोग्य है, किसी व्यक्ति के नाम को आदेश द्वारा हटा सकेगी ।

**खंड 37**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् किसी भी समय समुचित समाधान के मामले में किसी भी समय और ऐसी फीस के संदाय पर, जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए, ऐसे हटाए गए व्यक्ति के नाम को पुनः बहाल कर सकेगी और इस प्रकार हटाया गया नाम राज्य परिषद् की वेबसाइट पर और जनभाषा के कम से कम एक दैनिक स्थानीय समाचार पत्र में अपलोड किया जाएगा ।

**खंड 38**–यह खंड उपबंध करता है कि ऐसा व्यक्ति, जो प्रस्तावित विधान के प्रारंभ पर या उससे पहले मान्यताप्राप्त किसी प्रवर्ग में अपनी सेवाएं देता है, वह प्रस्तावित विधान के प्रारंभ की तारीख से ऐसी अवधि के भीतर और विनियमों द्वारा यथाविनिर्दिष्ट ऐसी रीति में अंन्तिम रुप से रजिस्टर करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ।

**खंड 39**–यह खंड उपबंध करता है कि भारत के बाहर की संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई कोई भी तत्स्थानी अर्हता मान्य समझी जाएगी और ऐसी अर्हता प्राप्त करने

वाला कोई भारतीय नागरिक रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र होगा, जो विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए ।

**खंड 40**–यह खंड उपबंध करता है राज्य परिषद् नए या उच्चतर पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण शीरु करने या किसी अध्यन पाठ्यक्रम में अपनी प्रवेश क्षमता को बढाने के लिए किसी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्था की स्थापना के लिए प्रस्तावित विधान के अनुसार उन्हें और अनुज्ञा प्रदान करेगी ।

**खंड 41**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् को, अध्ययन पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम की अवधि किसी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख पाठ्यक्रम में व्यष्टिक आर्हताओं के लिए निर्धारण और परीक्षाए तथा अन्य पात्रता शर्तों के बारे में समय-समय पर सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं से जानकारी प्राप्त करने की भी शक्ति प्राप्त होगी ।

**खंड 42**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् मान्यता प्राप्त पर्वग में शिक्षा प्रदान करने वाली किसी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्था के मानकों की सत्यापन करेगी या विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख अर्हता की मान्यता के प्रयोजन के लिए किसी परीक्षा पर ध्यान देगी।

**खंड 43**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् से रिपोर्ट की प्राप्ति पर और किसी ऐसी शर्त जो विहित मानकों तथा सन्नियमों के अनुरुप नहीं है, की दशा में या मानकों का बनाए रखने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई न करने की दशा में आयोग इस आशय के लिए कार्रवाई आरंभ करेगा ।

**खंड 44**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् ऐसे चेतावनी जारी करने, जुर्माना, अंतग्रहण का वर्जन करने या उसे कम करने और यदि कोई संस्था आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट आधारभूत मानकों को बनाए रखने में असफल रहती है, तो मान्यता के वापिस लिए जाने के लिए आयोग को सिफारिश करने जैसे दंडात्मक उपाय कर सकेगी ।

**खंड 45**–यह खंड उपबंध करता है कि केन्द्रीय सरकार आयोग को ऐसी धन राशि के अनुदान प्रदान कर सकेगी जो केन्द्रीय सरकार उपयोग के प्रयोजनों के लिए ठीक समझे ।

**खंड 46**–यह खंड उपबंध करता है कि राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख निधि के नाम से ज्ञात निधि स्थापित की जाएगी और इस निधि का उपयोग आयोग द्वारा, अपने कृत्यों के निर्वहन तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा अन्य संबद्ध प्रयोजनों के लिए उपगत व्ययों के लिए किया जाएगा।

**खंड 47**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग, केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में समुचित लेखे और अभिलेख और साथ ही लेखों वार्षिक विवरण बनाए रखेगा ।

**खंड 48**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग यह खंड उपबंध करता है कि आयोग प्रति वर्ष यथाविहित रीति में वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी तथा उसे केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित करेगी जो उसे संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखे जाने का कारण बताएगी ।

**खंड 49**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग समय-समय पर यथापेक्षानुसार केन्द्रीय सरकार से जानकारी तैयार करेगा ।

**खंड 50**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य सरकार धन की ऐसी राशियों के

लिए राज्य परिषद् को अनुदान प्रदान कर सकेगी जैसा कि राज्य सरकार राज्य परिषद् की उपयोगिता के लिए उचित समझे ।

**खंड 51**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख निधि नामक एक निधि गठित की जाएगी, और निधि का उपयोग राज्य परिषद् द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन और राज्य सरकार द्वारा विहित रीति में अन्य संबद्ध प्रयोजनों के लिए उपगत व्ययों के लिए किया जाएगा।

**खंड 52**–यह खंड उपबंध करता है कि राज्य परिषद् राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में समुचित लेखाओं और अभिलेखों और साथ ही लेखाओं का वार्षिक विवरण बनाए रखेगी ।

**खंड 53**–खंड यह भी उपबंध करता है आयोग प्रति वर्ष यथाविहित रीति में वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी तथा उसे राज्य सरकार को अग्रेषित करेगी जो उसे राज्य विधान मंडल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगी ।

**खंड 54**–यह खंड उपबंध करता है कि आयोग और राज्य परिषदों द्वारा किए गए आदेश और उसके द्वारा जारी लिखत, इस निमित्त सभापति द्वारा नियुक्त सचिव और अन्य कोई अधिकारी के हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित किए जाएंगे ।

**खंड 55**–यह खंड उपबंध करता है कि सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृतिक किसी ऐसे कर्तव्य का निर्वहन नहीं करेगा या किसी ऐसे कत्य का पालन नहीं करेगा जो प्रस्तावित विधान द्वारा प्राधिकृत न हो या ऐसा उपचार विनिर्दिष्ट नहीं करेगा जो इस वृत्ति के व्यवसाय की परिधि के अन्दर प्राधिकृत न हो।

**खंड 56**–यह खंड केन्द्रीय राजिस्टर और राज्य रजिस्टर में प्रविष्ट किए जाने का मिथ्या रुप से दावा करने के लिए शास्ति का उपबंध करता है ।

**खंड 57**–यह खंड उपाधियों के दुरुपयोग कि दशा में जुर्माने और कारावास के लिए उपबंध करता है।

**खंड 58**–यह खंड रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र वापस करने की असफलता की दशा में जुर्माने के लिए उपबंध करता है ।

**खंड 59**–यह खंड अधिनियम के उपबंधों के उल्लघन के लिए शास्ति का उपबंध करता है ।

**खंड 60**–यह खंड उपबंध करता है कि कोई न्यायालय, केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार आयोग या राज्य परिषद के आदेश द्वारा की गई शिकायत पर दंडनीय अपराध का संज्ञान लेगा अन्यथा नहीं ।

**खंड 61**–यह खंड उपबंध करता है कि कोई सिविल न्यायालय केन्द्रीय रजिस्टर या राज्य रजिस्टर में नाम के हटाए जाने या नाम प्रविष्ट करने से इंकार करने के मामले से संबंधित आयोग या राज्य परिषद द्वारा किए गए किसी आदेश के संबंध में किसी वाद या कार्रवाई नहीं करेगा ।

**खंड 62**–यह खंड सदभावपूर्वक की गई कार्रवाई के संरक्षण के लिए उपबंध करता है।

**खंड 63**–यह खंड केंद्रीय सरकार को उसके कृत्यों के निर्वहन करने के साथ-साथ प्रस्तावित विधान के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परिषद् को निदेश जारी करने के लिए सशक्त करती है ।

**खंड 64**–यह खंड उपबंध करता है कि प्रस्तावित विधान अनुसूची के अनुसार आने वाले क्रिसी वृतिक के लिए किसी अन्य विद्यमान विधि या किसी लिखत पर

## वित्तीय ज्ञापन

विधेयक का खंड 3 राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्ति आयोग के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 10 वृत्तिक परिषदों के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 13 कैंद्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों का आनलाइन और चालू रजिस्टर रखने का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 22 प्रत्येक राज्य में राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख परिषद् के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 29 राज्य परिषद् के स्वशासी बोर्डों के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 31 राज्य परिषद् के वृत्तिक सलाहकारी बोर्डों के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 32 राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिक रजिस्टर रखने का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 45 विधेयक के प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने हेतु आयोग को कैंद्रीय सरकार द्वारा अनुदान का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 46 आयोग की राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख निधि के गठन का उपबंध करता है ।

विधेयक का खंड 51 राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख परिषद् निधि के गठन का उपबंध करता है ।

व्यय विभाग में उपरोक्त लेखाओं पर व्यय की पूर्ति के लिए पन्चानवें करोड़ रुपए के लागत व्यय का अनुमोदन कर दिया है । विधेयक में कोई अन्य आवर्ती या अनावर्ती प्रकृति का व्यय परिकल्पित नहीं है ।

## प्रत्यायोजित विधान के संबंध में ज्ञापन

खंड 65, कैंद्रीय सरकार को प्रस्तावित विधान के उपबंधों को कार्यान्वित करने के प्रयोजन के लिए नियम बनाने के लिए सशक्त करता है । उपखंड (2) उन विषयों को विनिर्दिष्ट करता है, जिनके संबंध में ऐसे नियम बनाए जा सकेंगे । इन विषयों में, अन्य बातों के साथ, (क) खंड 3 के उपखंड (3) की मद (घ) की उपमद (i) के अधीन अंशकालिक सदस्यों की अर्हताएं और अनुभव ; (ख) खंड 3 के उपखंड (3) की मद (घ) की उपमद (ii) के अधीन अंशकालिक सदस्यों के चयन की रीति ; (ग) खंड 3 के उपखंड (3) की मद (घ) की उपमद (iii) के अधीन अंशकालिक सदस्यों की अर्हता, अनुभव और चयन की रीति ; (ङ) खंड 4 के उपखंड (2) के अधीन आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें ; (च) खंड 4 के उपखंड (3) के अधीन आयोग के अंशकालिक सदस्यों के यात्रा और अन्य भत्ते ; (छ) खंड 7 के उपखंड (1) के अधीन आयोग की बैठकों में कारबार का संव्यवहार करने के संबंध में प्रक्रिया के नियम ; (ज) खंड 9 के उपखंड (2) के अधीन आयोग के सचिव और अन्य अधिकारियों का वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें ; (झ) खंड 10 के उपखंड (1) के अधीन व्यवसायिक परिषद् के सदस्यों की अर्हताएं और अनुभव ; (ञ) खंड 16 के अधीन कैंद्रीय रजिस्ट्रर में व्यक्ति का नाम दर्ज करने के लिए आवेदन का प्ररूप और रीति ; (ट) खंड 17 के उपखंड (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का प्ररूप, रीति और आवेदन की फीस ; (ठ) खंड 17 के उपखंड (3) के अधीन अनुलिपि प्रमाणपत्र के लिए फीस और प्ररूप ; (ड) खंड 18 के उपखंड (1) के अधीन कैंद्रीय रजिस्टर में अतिरिक्त प्रविष्टि के लिए प्रविष्टि का प्ररूप, रीति और आवेदन फीस ; (ढ) खंड 20 के उपखंड (2) की मद (ट) के अधीन अंतरिम आयोग के सदस्यों की अर्हताएं, अनुभव और नियुक्ति की रीति ; (ण) खंड 40 के उपखंड (2) की मद (ख) के अधीन स्कीम का प्ररूप, रीति, विशिष्टियां और फीस ; (त) खंड 46 के उपखंड (1) की मद (ग) के अधीन आयोग द्वारा प्राप्त धनराशियों की रीति ; (थ) खंड 46 के उपखंड (2) के अधीन आयोग के कृत्यों का निर्वहन करने में व्ययों के लिए निधि का उपयोग करने की रीति ; और (द) कोई अन्य विषय, जिसे नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाना अपेक्षित है या किया जाए या जिसकी बाबत नियमों द्वारा उपबंध किया जाना है, सम्मिलित हैं ।

**2.** खंड 66, आयोग को लोक परामर्श के पश्चात् और कैंद्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से प्रस्तावित विधान के प्रयोजनों को पूरा करने के लिए विनियम बनाने के लिए सशक्त करता है । खंड 66 का उपखंड (2) उन विषयों को विनिर्दिष्ट करता है, जिनके संबंध में ऐसे विनियम बनाए जा सकेंगे । इन विषयों में, अन्य बातों के साथ, (क) खंड 11 की मद (ङ) के अधीन शिक्षा, पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, भौतिक और अनुदेशक सुविधाओं, कर्मचारियों के ढांचे, कर्मचारियों की अर्हता, क्वालिटी अनुदेश, निर्धारण, परीक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान, निरंतर वृत्तिक शिक्षा, मान्यताप्राप्त विभिन्न प्रवर्गों की बाबत संदेय अधिकतम अध्यापन फीस, सीटों के आनुपातिक वितरण के न्यूनतम मानक उपबंधित करना और मान्यताप्राप्त प्रवर्गों में उत्तरोत्तर नवीनताओं को प्रोन्नत करना ; (ख) खंड 11 के उपखंड (1) की मद (च) के अधीन सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख अर्हताओं की अन्य विशिष्टियां ; (ग) खंड 11 के उपखंड (1) की मद (छ) के अधीन सर्वभौम प्रवेश परीक्षा का प्रवेश के लिए सामान्य काउसलिंग के माध्यम

से उपबंध करने की रीति ; (घ) खंड 11 के उपखंड (1) की मद (ज) के अधीन सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों के लिए निकासी या अनुज्ञप्ति परीक्षा का उपबंध करने की रीति ; (ङ) खंड 11 के उपखंड (1) की मद (ट) के अधीन की उपाय करने की रीति ; (च) खंड 13 के उपखंड (1) के अधीन सूचना अंतर्विष्ट करने की रीति, जिसके अंतर्गत केंद्रीय रजिस्टर में संबंधित मान्यताप्राप्त किन्हीं प्रवर्गों से संबंधित व्यक्तियों का नाम और अर्हताएं सम्मिलित हैं ; (छ) खंड 13 के उपखंड (1) के अधीन केंद्रीय रजिस्टर में रखे जाने वाले सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों की विशिष्टियां ; (ज) खंड 13 के उपखंड (2) के अधीन केंद्रीय रजिस्टर में नाम दर्ज करने और रखे जाने के लिए मानकीकृत प्ररूप अंगीकृत करने की रीति ; (झ) खंड 19 के अधीन केंद्रीय रजिस्टर से व्यक्ति का नाम हटाने की रीति ; (ञ) खंड 29 के उपखंड (2) के अधीन स्वशासी बोर्ड में प्रत्येक मान्यताप्राप्त प्रवर्ग से सदस्यों की संख्या का चयन करने की रीति ; (ट) खंड 29 के उपखंड (6) के अधीन पूर्व-स्नातक सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख शिक्षा, पश्च-स्नातक सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख शिक्षा या सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति निर्धारण और रेटिंग या सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति और नैतिकता तथा रजिस्ट्रीकरण के अन्य कृत्य ; (ठ) खंड 32 के उपखंड (1) के अधीन सूचना अंतर्विष्ट करने की रीति, जिसके अंतर्गत उनके संबंधित मान्यताप्राप्त प्रवर्गों में से किसी से संबंधित व्यक्ति का नाम और अर्हता भी है ; (ड) खंड 32 के उपखंड (2) के अधीन राज्य रजिस्टर में सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख वृत्तिकों की वृत्ति से संबंधित उनकी शैक्षणिक अर्हता, डिप्लोमा या डिग्री या दोनों और संस्थाओं, प्रशिक्षण, कौशल और सक्षमताओं के ब्यौरे अंतर्विष्ट करने की रीति ; (ढ) खंड 36 के उपखंड (2) के अधीन वर्ष की अवधि, जिनके दौरान राज्य रजिस्टर से हटाया गया व्यक्ति, रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र नहीं होगा ; (ण) खंड 38 के अधीन ऐसे व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण की अवधि और रीति, जो इस अधिनियम के प्रारंभ पर या उससे पहले मान्यताप्राप्त किसी प्रवर्ग में सेवाएं देते हैं ; (त) खंड 39 के उप खंड (1) के अधीन भारत के बाहर प्रदान की गई तत्स्थानी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख अर्हताओं की मान्यता ; (थ) खंड 39 के उपखंड (2) के अधीन भारत के बाहर की संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई अर्हताओं के रजिस्ट्रीकरण के लिए हकदार होने की रीति ; (द) खंड 40 के उपखंड (5) की मद (क) के अधीन कोई नया या उच्चतर अध्ययन पाठ्यक्रम या प्रशिक्षण आरंभ करने की मांग करने के लिए शिक्षा के आधारभूत स्तर ; (ध) खंड 41 के उपखंड (2) के अधीन विश्वविद्यालय या महाविद्यालय या संस्था द्वारा सूचना देने की रीति ; (न) खंड 42 के उपखंड (1) के अधीन राज्य परिषद् द्वारा सहबद्ध और स्वास्थ्य देख-रेख संस्थाओं में शिक्षा मानकों के सत्यापन की रीति ; और (v)कोई अन्य विषय जिसके लिए विनियमों द्वारा उपबंध किए जा सकेंगे ।

3. खंड 68 राज्य सरकार को प्रस्तावित विधान के उपबंधों को पूरा करने के प्रयोजन के लिए नियम बनाने के लिए सशक्त करता है । खंड 68 का उपखंड (2) उन विषयों को विनिर्दिष्ट करता है जिनके लिए नियम बनाए जा सकेंगे । इन विषयों में अन्य बातों के साथ - (क) मद (ङ) के अधीन के अधीन राज्य परिषद् के सदस्यों की अर्हताएं और अनुभव ; (ख) खंड 22 के उपखंड (3) के खंड (च) के अधीन राज्य परिषद् के सदस्यों की अर्हताएं और अनुभव ; (ग) खंड 23 के उपखंड (2) के अधीन राज्य परिषद् के सदस्यों को यात्रा भत्ता और अन्य भत्ते ; (घ) खंड 26 के उपखंड (1) के अधीन बैठकों का समय, स्थान और कारबार के संव्यवहार की बाबत प्रक्रिया के

